'एक जिला, एक उत्पाद' से देश बनेगा आत्मनिर्भर : ओम बिरला

बस्ती। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि 'एक जिला, एक उत्पाद' से देश आत्मनिर्भर बनेगा। प्रदेश सरकार की ओर से की गई इस पहल ने देश को दिशा दी है। वह शनिवार को बस्ती में शास्त्री चौक पर सौ फीट ऊंचे राष्ट्रध्वज को फहराने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में बस्ती महोत्सव के मंच से लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस योजना ने देश के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान पाई है। देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यही सही दिशा है।

बिरला ने कहा कि कोरोना काल में आर्थिक रूप से संपन्न देश परेशान थे, तब भारत ने खुद को मजबूत करते हुए आपदा को अवसर के रूप में लिया। भारत न केवल खुद सशक्त हुआ, बल्कि अन्य देशों की मदद भी की। संवाद

शास्त्री चौक पर सौ फीट तिरंगे झंडे का लोकार्पण कार्यक्रम में राष्ट्रगान गाते लोस अध्यक्ष ओम बिरला।